हरिभूमि

भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, रविवार, 15 जून, 2025

13 नई पीढ़ी कर्तव्यों के निर्वहन में भी पीछे नहीं...

14 वैश्य कॉलेज में सम्मान समारोह

MK हॉस्पिटल भिवानी

डॉ. गुंजन भारद्वाज का हार्दिक स्वागत करता है।

डॉ. गुंजन MK हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर मेडिसिन एवं एनेस्थेसिया विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं देंगी।

डॉ. गुंजन भारद्वाज MBBS, DA, DNB, FNB (CRITICAL CARE MEDICINE) 14+ वर्षों का अनुभव

पूर्व अनुभव :- ARTEMIS Hospital , Gurgaon | Noble Heart Hospital, Rohtak | Dharamshilla Superspeciality Hospital, Mayur Vihar, Delhi Rabindranath Tagore International Institute Of Cardiac Science, Kolkata

आयुष्मान पैनल पर फ्री इलाज उपलब्ध*

TPA और कैशलेस सुविधा उपलब्ध

NABH मान्यता प्राप्त अस्पताल

एम्बुलेंस/आपातकालीन सहायता के लिए संपर्क करें:

70 09 09 0924

MK Hospital

5th Mile Stone, Bhiwani - Delhi Road, Bhiwani, Haryana

TPA और कैशलेस सुविधा उपलब्ध

MK हॉस्पिटल भिवानी

डॉ. गौरव पाहवा का हार्दिक स्वागत करता है।

डॉ. गौरव MK हॉस्पिटल में कंसल्टेंट बाल व शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

डॉ. गौरव पाहवा MBBS, MD (Paediatrics) 4+ वर्षों का अनुभव

पूर्व अनुभव :- Dr. S.S. Tantia Medical College, Ganganagar | S. Ram Singh Memorial Babar Hospital, Gurdaspur

आयुष्मान पैनल पर फ्री इलाज उपलब्ध*

TPA और कैशलेस सुविधा उपलब्ध

NABH मान्यता प्राप्त अस्पताल

एम्बुलेंस/आपातकालीन सहायता के लिए संपर्क करें:

70 09 09 0924

MK Hospital

5th Mile Stone, Bhiwani - Delhi Road, Bhiwani, Haryana

TPA और कैशलेस सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मैराथन आज

चरखी दादरी। 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जागरूकता को लेकर योग मैराथन आयोजित की जाएगी, जिसका शुभारंभ एसडीएम वीरेंद्र अहलावत करेंगे। मैराथन का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और उसके सकारात्मक प्रभावों से अवगत करवाना हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। मैराथन सुबह छह बजे रोज गार्डन से प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं एवं खिलाड़ी भाग लेंगे। मैराथन रोज गार्डन से शुरू होकर लाला लाजपतराय चौक से वापस रोज गार्डन में सम्पन्न होगी।

करंट लगने से प्रवासी श्रमिक की मौत

चरखी दादरी। दादरी शहर में मकान निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे प्रवासी श्रमिक की मौत करंट लगने से मौत हो गई। मृतक सुबह पानी की मोटर लगा रहा था तभी ये हादसा हो गया। मृतक के परिजनों ने मकान मालिक और ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मध्य प्रदेश के छत्रपुर निवासी अरुण (19) पत्नी, भाई और दो बहनों के साथ शहर की एमसी कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। आज सुबह अरुण पत्नी के साथ शहर में एक मकान निर्माण कार्य में मजदूरी का काम करने गया था। ठेकेदार ने अरुण को पानी की मोटर के तार लगाने के लिए बोला, जब अरुण बिजली का तार लगा रहा था तो करंट का झटका लगा और वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया।

कार्यक्रम 13 को, सीएम होंगे मुख्यातिथिः महाबीर

भिवानी। 13 जुलाई को भिवानी श्रीदक्ष प्रजापति जयंती पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाबीर मोखरा ने बताया कि 13 जुलाई को जयंती समारोह में बतौर मुख्यतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे।

ग्रामीण बोले भिवानी हमारे घर जैसा, भिवानी जिले में ही रहेंगे

तिगड़ाना को हांसी जिले में शामिल किए जाने के विरोध में विधायक को सौंपा ज्ञापन

सारा कारोबार भिवानी से संबंधित है और भिवानी से तिगड़ाना मात्र चार किलोमीटर दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा। विधायक कपूर वाल्मीकि को मांगपत्र सौंपते गांव तिगड़ाना के ग्रामीण।

गांव तिगड़ाना को हांसी जिले में शामिल किए जाने की चर्चाओं को लेकर तिगड़ानावासियों ने बवानी खेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि के निवास स्थान पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा नेता परमजीत मड्ढ ने बताया कि भिवानी के सरकारी कार्यालय तिगड़ाना की भूमि पर बने है। विगत में तिगड़ाना गांव की कानूनगोई(पटवार सर्कल) भिवानी लोहड़ थी। जिसको साजिश के तहत मुंढाल के साथ जोड़ दिया गया था। अब उसको वापस भिवानी में लाया जाएगा। क्योंकि भिवानी में उनका पुराना रिकार्ड है। वहीं सरपंच सुरेन्द्र व पूर्व सरपंच प्रदीप ढ़ाला, नेत्रपाल, कैप्टन रविन्द्र, दीपा, कमल कुसंभी, कम्मे, नवीन , शैली, जोनी एडवोकेट, राजा फौजी, राजू फौजी, सूरज, अमित, रविन्द्र, स्वराज, रतिपाल, अजीत, भोमराज, कर्मबीर दहिया, आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि उनका सारा कारोबार भिवानी से संबंधित है और भिवानी से तिगड़ाना मात्र 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जबकि हांसी एरिया उनसे दूर पड़ता है। उन्हें पता चला है कि उनके गांव को हांसी जिला बनने पश्चात उसी में शामिल किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे मांग

इस बारे में विधायक कपूर वाल्मीकि ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इस बारे मुख्यमंत्री से स्पेशल मिलकर उनकी मांग को रखेंगे और जो ग्रामीण चाहते हैं उनकी मांग को पूरा करवाने का कार्य करेंगे। वे तिगड़ाना के लोगों का सीएम के समक्ष मजबूती से पक्ष रखेंगे।

एचएयू हिसार में विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज की ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने की निंदा

भिवानी। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने चौ. चरण सिंह हिसार कृषि विश्वविद्यालय में बीते 10 जून को विद्यार्थियों पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि यह घटना उस समय हुई, जब छात्र विश्वविद्यालय की छात्रवृत्ति नीति में बदलाव के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। तालु ने बताया कि पहले 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप मिलती थी, लेकिन अब इसे घटाकर मात्र 25 प्रतिशत छात्रों तक ही सीमित कर दिया है। जिसके विरोध में छात्र अपनी आवाज उठा रहे थे, जिन पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लाठियां बरसाकर ना केवल विद्यार्थियों की आवाज दबाने का प्रयास किया गया, बल्कि लोकतंत्र का गला घोंटने का भी काम किया गया। जोगेंद्र तालु ने कहा कि छात्रवृत्ति की प्रतिशता में बदलाव से हजारों मेहनती छात्रों का हक छिन जाएगा, जिनकी मेहनत को अब नजर अंदाज किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि एचएयू के सभी विद्यार्थियों की मांगों को जल्द माना जाए तथा लाठीचार्ज में सम्मिलित सभी प्रोफेसरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हे सजा दी जाए। इसके साथ विश्वविद्यालय के कुलपति को भी तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए।

तोशाम। बिजली की सप्लाई न आने के विरोध में पॉवर हाऊस के गेट के बाहर बैठे लोग।

कई घंटे बिजली कटोती के विरोध में बिजली बोर्ड का मुख्य द्वार किया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

- करीबन एक घंटे बाद एसडीओ ने आकर खुलवाया गेट

तोशाम के वार्ड नंबर 4 व 19 के निवासियों ने पिछले तीन दिनों से रात दस बजे से सुबह 10 बजे तक लाइट नहीं आने से परेशान होकर शनिवार को तोशाम बिजली बोर्ड का मुख्य द्वार बंद कर दिया। मुख्य गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इसके क़रीबन एक घंटे बाद विभाग के एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर गेट खुलवाया।

ग्रामीणों ने बिजली प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनके इलाके में बिजली की सप्लाई नियमित नहीं की गई तो वे फिर से प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

इस मौके पर मौजूद ग्रामीण निशांत सोनी, महेंद्र, रविन्द्र चौहान, बजरंग, आकाश, मुकेश, अभिजीत, भागू पंघाल ने बताया कि इस भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने से उन्हें बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। पिछले दिनों रात के समय बिजली नहीं आने के करण बच्चे व ग्रामीण सो नहीं पाए। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शनिवार को सुबह बिजली निगम कार्यालय का मुख्य द्वार बंद कर दिया।

सड़कों पर उतरी एनएसयूआई, फूंका पुतला

- एनएसयूआई ने सीबीएलयू के समक्ष नारेबाजी कर फूंका प्रदेश सरकार व एचएयू के वीसी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी। चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के द्वार के समक्ष सरकार का पुतला फूंकते हुए।

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में रोष का माहौल है तथा रोजाना विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग प्रदर्शन कर लाठीचार्ज के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। इसी कड़ी में शनिवार को एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में स्थानीय चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के द्वार के समक्ष नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार व एचएयू के कुलपति का पुतला फूंक रोष जताया। इस दौरान एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार पर छात्रों की आवाज को दबाने का आरोप लगाया। इस मौके पर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें उठा रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करना बेहद शर्मनाक और अलोकतांत्रिक कृत्य है। उन्होंने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज करने वाले विश्वविद्यालय प्रशासन को बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाठीचार्ज के मामले में एचएयू के रजिस्ट्रार सहित 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। लेकिन अभी तक भी उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस अवसर पर रोहित शर्मा, तरुण सरोहा, अमन दहिया, संजय, मोहित राजपूत, विनय, विजय आदि मौजूद रहे।

ओछी मानसिकता

लांग्यान ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाना किसी भी लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनजीत लंगायन ने कहा कि प्रदेश भर में वर्तमान सरकार छात्रों को मानसिक और शारीरिक चोट देने का काम कर रही है। छात्रों पर लाठी चार्ज कर एचएयू प्रशासन ने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है, जो कि सीधे तौर पर सरकार के इशारे पर काम कर रही है। एनएसयूआई ने मांग की कि लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों को तुरंत निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

एक गांव से युवती लापता शिकायत दर्ज

लोहारू। उपमंडल के गांव से युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता की शिकायत पर लोहारू थाना पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। युवती के पिता ने बताया कि उसकी बेटी बिना बताए घर से चली गई तथा वापस नही लौटी। उसकी आस पड़ोस में काफी तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

Vaish Model Sr. Sec. School, Bhiwani

Loharu Road, Bhiwani (Hry)

Ph. 01664-242386, 254742, 07056754742

C.B.S.E. Affi. No. 530108 Email : vmsbhiwani@gmail.com

REQUIREMENT

- P.G.Ts : Physics, Chemistry, English, Mathematics, History, Pol. Science, Painting
- T.G.Ts : English, Science, Hindi, Sanskrit, S.St., Computer, Maths
- Music Teacher, Dance Teacher, Art & Craft Teacher
- English Teacher for Communication Skills • Counsellor, co-ordinator
- Clerk • Peon, Driver, Security Guard

Salary negotiable, Apply within 7 days with complete Bio-Data & latest photograph after date of publication of this advertisement. Also mention post.

Shiv Rattan Gupta (President) | Pawan Buwaniwala (General Secretary) | Kamla Gureja (Principal)

सवेरे क्लासरूम में नहीं थे बच्चे, बड़ा हादसा टला

इंस्टीट्यूट में लगी आग, दमकल दस्ते ने बुझाया

- आग से क्लासरूम में रखे डयूल डेस्क जल गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी। आग बुझाते दमकल कर्मी। फोटो: हरिभूमि

शनिवार सुबह रोहतक गेट स्थित एक शिक्षण इंस्टीटयूट के क्लासरूम में आग लग गई। आग से क्लासरूम में रखे डयूल डेस्क जल गए। हालांकि अभी आग से कितना नुकसान हुआ है,लेकिन आग हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि जिस वक्त क्लासरूम में आग लगी। उस वक्त बच्चे क्लासरूमो में पहुंचे नहीं थे,लेकिन बच्चों का आना शुरू हो गया था। बाद में किसी व्यक्ति ने इस बारे में अग्निशमन दस्ते को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचा और आग की लपटों की शांत। जानकारी के अनुसार सुबह पौने आठ बजे दूसरी मजिंल स्थित क्लासरूम से धुआ निकलता दिखाई दिया। लोगों ने इस बारे में इंस्टीटयूट मालिक को सूचना दी। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया। सात बजकर 48 मिनट पर फायर बिग्रेड का दस्ता मौके पर पहुंचा और आग बुझाने में जुट गया। तीन गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को शांत किया। आग की लपटें शांत होने के बाद ही अग्निशमन के दस्ते ने राहत की सांस ली।

बच्चों की छुट्टी की गई

जिस वक्त क्लासरूम में आग लगी। उसी वक्त बच्चों की क्लास लगाए जाने का समय होता है। बच्चे पहुंचने भी लगे थे। लेकिन आगजनी की घटना के चलते बच्चों को उपर क्लासरूम में नहीं जाने दिया गया। उनको नीचे ही रोका गया। करीब आधे घंटे बाद इंस्टीटयूट संचालक भी मौके पर पहुंच गए। आगजनी की घटना के बाद बच्चों को सुबह वापस घर भेजा गया। चूंकि पढाई की व्यवस्था आज नहीं बन पाई। उल्लेखनीय है कि जिस वक्त आगजनी की घटना हुई। उस वक्त सड़कों पर ज्यादा वाहनों का आवागमन था,लेकिन बाजार पूरी तरह से खुला नहीं था।

GANGA INSTITUTE OF TECHNOLOGY AND MANAGEMENT

AN AUTONOMOUS INSTITUTE

JHAJJAR (DELHI-NCR)

NAAC A GRADE

What makes GITAM the First Choice

- NAAC 'A' GRADE INSTITUTE
- NBA ACCREDITED PROGRAMMES B.TECH ECE, ME & MBA
- STRONG ALUMNI NETWORK
- AN AUTONOMOUS INSTITUTE
- Industry Oriented Curriculum
- Degree Conferred by MDU, Rohtak
- Advance Certification Programmes

Rankings TIMES ENGINEERING

GITAM is among the BEST ENGINEERING INSTITUTES OF THE COUNTRY !

RANKED # 19 In North India | RANKED # 39 Pvt. Institutes In India | RANKED # 41 Across India | RANKED # 62 Placement Across India

Times Engineering Institute Ranking Survey-2025

MEGA JOB FAIR-2025

28/06/2025 | 9:30 am onwards

Register at: www.gangainstitute.com

Admission Helpline

ADMISSIONS OPEN 2025-26

B.TECH | B.TECH (LEET)

CSE, CSE (DATA SC.), CSE (AI & ML)

ECE, MECHANICAL, ELECTRICAL, CIVIL

FIRE TECHNOLOGY AND SAFETY

M. TECH | MBA | BBA | MCA | BCA

B. ARCH | M. ARCH | M.ED | B.ED

FOR WORKING PROFESSIONALS

B.TECH (FIRE TECH. & SAFETY, CSE), M.TECH (CSE), MBA

GANGA INSTITUTE OF ARCHITECTURE & TOWN PLANNING (GIATP)

9654292905 / 9015115120 | www.architectureganga.com

GANGA INSTITUTE OF EDUCATION (GIE)

8684000916 | www.gangainstituteofeducation.com

GANGA GROUP OF INSTITUTIONS

Approved by AICTE/UGC/NCTE/COA/MDU

8684000891 / 892 / 893 / 906 / 9654292946

www.gangainstitute.com

Head Office: 4/12, East Punjabi Bagh, New Delhi +91-9654292902, 03, 04

इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वाले निवेशकों को अक्सर यह सलाह दी जाती है कि शॉर्ट टर्म की बजाय लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट पर फोकस करें, लेकिन क्या यह सलाह आंकड़ों पर भी खरी उतरती है? इसका जवाब है हां। देश के पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के पिछले 1 साल, 3 साल और 5 साल के प्रदर्शन के आंकड़े इसी बात की गवाही दे रहे हैं कि समय के साथ निवेश पर मिलने वाला रिटर्न बेहतर होता है। लार्ज कैप फंड्स एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है उन निवेशकों के लिए जो कम जोखिम वाले और नियमित रिटर्न वाले निवेश की तलाश में हैं। लार्ज कैप फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। ये कंपनियां आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं और उनके पास एक स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड होता है।

मुनाफे का मंत्र : पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के आंकड़ों ने निवेशकों को चौंकाया

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

एक साल से बेहतर 3 साल और 5 साल का रिटर्न

इन पांचों फंड्स के पिछले 1 साल के रिटर्न की तुलना में 3 साल और 5 साल का रिटर्न बेहतर रहा है। इसे और अच्छी तरह समझने के लिए पहले इन फंड्स के पिछले प्रदर्शन के आंकड़ों को देख लेते हैं। हमने यहां जिन 5 लार्ज कैप फंड्स के 1 साल, 3 साल और 5 साल के रिटर्न के आंकड़े दिए हैं, वे एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के हिसाब से अपनी कैटेगरी में टॉप पर हैं. तुलना में आसानी के लिए इन सभी फंड्स को बड़े से छोटे एयूएम हिसाब से लिस्ट किया गया है, एनुअल रिटर्न के हिसाब से नहीं। इस लिस्ट में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू और निप्पॉन इंडिया जैसे फंड हाउस की लार्ज कैप स्कीम शामिल हैं।

एसआईपी के जरिये करें निवेश, 19 वर्ष में हो जाएंगे करोड़पति

एसआईपी में हर साल करीब 15% का रिटर्न मिलने की संभावना

पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स का पिछला प्रदर्शन

1. **आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)**
   - 1 साल का रिटर्न : 9.73%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.87%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 24.71%
   - एयूएम : 70,909 करोड़ रुपये
2. **एसबीआई ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)**
   - 1 साल का रिटर्न: 9.28%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 18.74%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 22.52%
   - एयूएम: 52,994 करोड़ रुपये
3. **निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)**
   - 1 साल का रिटर्न: 10.02%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 25.14%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 27.69%
   - एयूएम : 42,863 करोड़ रुपये
4. **मिराए एसेट लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)**
   - 1 साल का रिटर्न: 11.11%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 17.01%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.28%
   - एयूएम : 40,204 करोड़ रुपये
5. **एचडीएफसी लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)**
   - 1 साल का रिटर्न: 6.34%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 20.19%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 23.88%
   - एयूएम : 38,297 करोड़ रुपये

रिटर्न के आंकड़ों का संकेत

ऊपर दिए आंकड़ों आंकड़ों से एक बात स्पष्ट होती है—इन सभी स्कीम्स का सालाना रिटर्न निवेश की अवधि के साथ-साथ बढ़ा है। इन फंड्स का 1 साल का रिटर्न 6.34 फीसदी से 11.11 फीसदी के बीच है। इक्विटी में निवेश पर लिए जाने वाले रिस्क को ध्यान में रखकर देखें तो इस रिटर्न को बहुत आकर्षक नहीं माना जाएगा। लेकिन इन्हीं फंड्स के 3 साल के एनुअल रिटर्न के आंकड़े 17 फीसदी से 25 फीसदी तक जाते हैं। वहीं, 5 साल के आंकड़ों में यह सालाना रिटर्न 21 फीसदी से 27 फीसदी तक चला गया है। कुल मिलाकर 1 साल, 3 साल और 5 साल के औसत सालाना रिटर्न के आंकड़े यही संकेत दे रहे हैं कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में लंबी अवधि का निवेश बेहतर रिटर्न दे सकता है।

शॉर्ट टर्म से क्यों बेहतर है लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजी

शॉर्ट टर्म इनवेस्टमेंट में निवेशक जल्दी रिटर्न की उम्मीद करते हैं, लेकिन इसमें मार्केट टाइमिंग का रिस्क ज्यादा होता है। वहीं, लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट में कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जो धीरे-धीरे निवेश को बड़ा बनाता है। मिसाल के तौर पर अगर कोई निवेशक 5 साल तक एसआईपी करता है, तो उसे एवरेजिंग की वजह से लॉन्ग टर्म में बेहतर रिटर्न की मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बाजार की अस्थिरता सामान्य बात है. एक-दो साल में बाजार गिर भी सकता है और रिटर्न नेगेटिव या कम हो सकता है, लेकिन लंबी अवधि में कंपनियों की ग्रोथ और बाजार की रिकवरी से निवेश पर मिलने वाला रिटर्न आमतौर पर बेहतर हो जाता है। इसीलिए 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के लिए निवेश करने पर रिटर्न में स्थिरता और ग्रोथ दोनों मिलती है।

लार्ज कैप फंड्स की विशेषताएं

- **बड़ी कंपनियों में निवेश :** लार्ज कैप फंड्स बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं।
- **स्थिरता :** लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर अधिक स्थिर होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- **नियमित रिटर्न :** लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।

लार्ज कैप फंड्स के फायदे

- **कम जोखिम :** लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर कम जोखिम वाले होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- **नियमित रिटर्न :** लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।
- **विविधीकरण :** लार्ज कैप फंड्स पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकते हैं।

गोल्ड ईटीएफ में फिर बढ़ा निवेशकों का भरोसा

■ सबसे बड़े फंड्स ने 1 साल में दिया 33 से 35% तक रिटर्न ■ तीन साल की अवधि में एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है ■ गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही ■ 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया

पैसे की बात
बिजनेस डेस्क

गोल्ड ईटीएफ यानी गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में एक बार फिर निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। मई 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखने को मिला है, जबकि इससे पहले मार्च और अप्रैल में यह कैटेगरी लगातार दो महीने तक आउटफ्लो झेल रही थी। बीते एक साल में गोल्ड ईटीएफ ने करीब 33% तक का रिटर्न दिया है, वहीं तीन साल की अवधि में इनका एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है। यह परफॉर्मेंस बताता है कि बाजार में उथल-पुथल के बीच निवेशकों को गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही है।

क्यों लौटने लगा निवेशकों का रुझान

मार्च में 77.21 करोड़ और अप्रैल में 5.82 करोड़ रुपये का नेट आउटफ्लो दर्ज करने के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसकी प्रमुख वजह रही गोल्ड की कीमतों में मजबूती और ग्लोबल लेवल पर आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता। मई में गोल्ड ईटीएफ ने औसतन 1.10% रिटर्न दिया, जिसमें टाटा गोल्ड ईटीएफ 2.53% के रिटर्न के साथ टॉप पर रहा। यह संकेत है कि निवेशक अब फिर से गोल्ड को एक सुरक्षित एसेट के रूप में प्राथमिकता देने लगे हैं।

टॉप गोल्ड ईटीएफ फंड्स का पिछला प्रदर्शन

देश के प्रमुख गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के पिछले प्रदर्शन को देखने से पता चलता है कि सोने जैसे सुरक्षित एसेट में निवेश करके भी इन्होंने 1 और 3 साल में काफी आकर्षक रिटर्न दिए हैं। हमने इस लिस्ट में सिर्फ उन टॉप गोल्ड ईटीएफ को शामिल किया है, जिनका एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) कम से कम 1000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है.

ईटीएफ का नाम	1 साल का रिटर्न	3साल का रिटर्न
- यूटीआई गोल्ड ईटीएफ	35.25%	22.87%
- एयूएम : 1,943 करोड़ रुपये		
- एक्सिस गोल्ड ईटीएफ	33.99%	22.29%
- एयूएम : 1,809 करोड़ रुपये		
- आईसीआईसीआई प्रूडेंटल गोल्ड ईटीएफ	33.91%	22.31%
- एयूएम :	7,694 करोड़ रुपये	
- आदित्य बिरला सनलाइफ गोल्ड ईटीएफ	33.83%	22.23%
- एयूएम : 1,163 करोड़ रुपये		
- कोटक गोल्ड ईटीएफ :	33.74%	22.23%
- एयूएम : 7,639 करोड़ रुपये		
- एसबीआई गोल्ड ईटीएफ :	33.66%	22.10%
- एयूएम : 8,132 करोड़ रुपये		
- निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड बीईएस :	33.52%	22.08%
- एयूएम : 21,120 करोड़ रुपये		
- एचडीएफसी गोल्ड ईटीएफ :	33.38%	22.21%
- एयूएम : 10,093 करोड़ रुपये		

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा निवेश

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल लेवल पर भी गोल्ड ईटीएफ में निवेश 170% की सालाना वृद्धि के साथ 552 टन तक पहुंच गया। पिछले तीन सालों में यह सबसे बड़ी तिमाही डिमांड रही। इसका श्रेय ट्रेड टेंशन, जियोपॉलिटिकल अस्थिरता और गोल्ड प्राइस में तेजी को दिया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि गोल्ड-बैक्ड ईटीएफ की होल्डिंग्स 226 टन बढ़कर 3445 टन तक पहुंच गई हैं।

निवेश रणनीति में गोल्ड ईटीएफ की अहमियत

गोल्ड ईटीएफ को निवेश पोर्टफोलियो में एक बैलेंस बनाने वाले एसेट के रूप में देखा जाता है। यह न सिर्फ पोर्टफोलियो को ज्यादा सुरक्षित बनाता है, बल्कि बाजार की अस्थिरता के समय स्टेबल रिटर्न भी देता है। गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट की जरूरत होती है और इनकी हर यूनिट फिजिकल गोल्ड की एक तय क्वांटिटी (आमतौर पर 1 ग्राम) से जुड़ी होती है। गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की वापसी और पिछले रिटर्न के आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि बाजार में अस्थिरता के समय गोल्ड एक भरोसेमंद विकल्प बना हुआ है। चाहे वह घरेलू निवेशक हों या अंतरराष्ट्रीय संस्थान, सबके लिए गोल्ड एक महत्वपूर्ण एसेट क्लास बना हुआ है।

गोल्ड ईटीएफ की विशेषताएं

- **सोने की कीमतों के साथ जुड़ावः** गोल्ड ईटीएफ की कीमतें सोने की कीमतों के साथ जुड़ी होती हैं।
- **एक्सचेंज पर कारोबारः** गोल्ड ईटीएफ शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते हैं और इनमें निवेश करने के लिए आप शेयर बाजार में कारोबार कर सकते हैं।
- **निवेश की सुविधाः** गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना आसान है और आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

गोल्ड ईटीएफ के फायदे

- **सोने की कीमतों में भागीदारीः** गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से आपको सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार रिटर्न मिल सकता है।
- **विविधीकरणः** गोल्ड ईटीएफ पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकता है।
- **लिक्विडिटीः** गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना लिक्विड है और आप आसानी से अपने निवेश को बेच सकते हैं।

बच्चे की हायर एजुकेशन की नहीं होगी टेंशन
रोजाना 70 रुपये बचा बनाएं लाखों का फंड

समझदारी
बिजनेस डेस्क

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन आप न्यूनतम 500 और अधिकतम 1.5 लाख सालाना करें निवेश

शादी के बाद अधिकतर कपल्स के मन में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि आने वाले समय में बच्चों की पढ़ाई का खर्च कैसे उठाएं? मौजूदा दौर में एजुकेशन बहुत महंगी होती जा रही है। स्कूल फीस से लेकर यूनिफॉर्म, कॉपी-किताबें और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज तक, हर चीज में मोटा खर्च आता है। ऐसे में अगर आप अभी से सही प्लानिंग करें, तो भविष्य की टेंशन से बचा जा सकता है। पोस्ट ऑफिस की एक खास स्कीम आपकी इसी चिंता को दूर कर सकती है। इसमें निवेश कर आप बच्चों की एजुकेशन के लिए मजबूत फंड बना सकते हैं। अगर आप बच्चों की हायर एजुकेशन के लिए एक सुरक्षित और गारंटीड रिटर्न वाला निवेश विकल्प ढूंढ़ रहे हैं, तो पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इस स्कीम में सिर्फ 70 रुपये रोजाना यानी 2,100 महीने की बचत से आप 15 साल में एक अच्छा खासा फंड तैयार कर सकते हैं।

क्या है पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम एक लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है, जिसमें आप न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना निवेश कर सकते हैं। इस पर सरकार की तरफ से सालाना 7.1% ब्याज दिया जाता है और मैच्योरिटी पीरियड 15 साल का होता है।

70 रुपये रोजाना बचत से कैसे मिलेगा 6.78 लाख

अगर आप हर दिन 70 रुपये बचाकर हर महीने पीपीएफ अकाउंट में 2,100 रुपये जमा करते हैं, तो एक साल में आपका कुल निवेश 25,200 रुपये होगा। इस तरह 15 साल में आप 3.75 लाख रुपये का निवेश करेंगे। ब्याज मिलाकर 15 साल बाद आपको 6,78,035 रुपये मिल सकते हैं।

बच्चों की पढ़ाई का खर्च होगा आसान : 15 साल बाद यही रकम आपके बच्चों की हायर एजुकेशन, कॉलेज फीस या अन्य जरूरतों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। यह स्कीम खासतौर पर उन पैरेंट्स के लिए फायदेमंद है जो कम बजट में भी एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश चाहते हैं।

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ खाता क्या है

पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम एक भरोसेमंद निवेश विकल्प है, जो लंबे समय के लिए रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 15 साल की अनिवार्य लॉक-इन अवधि के साथ खाता खोलना होता है। यानी, खाता खोलने के बाद 15 साल तक इसे बंद नहीं किया जा सकता। हालांकि, 7वें साल से कुछ शर्तों के साथ आंशिक निकासी की अनुमति मिलती है। इस स्कीम की सबसे बड़ी खासियत इसका आकर्षक ब्याज दर और टैक्स में छूट है। आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत इसमें निवेश करने पर टैक्स लाभ मिलता है। इसके अलावा, निवेशक को लोन सुविधा, खाता 5-5 साल की अवधि में आगे बढ़ाने की सुविधा भी मिलती है।

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर क्या है?

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर एक आसान ऑनलाइन टूल है, जो सेकेंडों में जटिल गणनाएं कर देता है। इस कैलकुलेटर की मदद से आप यह पता कर सकते हैं कि निश्चित समयावधि और निवेश की आवृत्ति के आधार पर आपको हर साल कितना रिटर्न मिलेगा और कुल परिपक्वता राशि कितनी होगी।

कैलकुलेटर कैसे इस्तेमाल करें?

- हर साल आप कितनी राशि जमा करेंगे, उसे दर्ज करें।
- ब्याज दर और निवेश की अवधि डालें।
- कैलकुलेटर अपने-आप अनुमानित ब्याज और मैच्योरिटी अमाउंट दिखा देगा।
- इस तरह यह कैलकुलेटर यह तय करने में मदद करता है कि आपने जो निवेश चुना है, वह आपके वित्तीय लक्ष्य के अनुरूप है या नहीं।

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर के फायदे

- सेकेंडों में रिजल्ट
- निवेश और ब्याज का सालाना विश्लेषण
- टैक्स प्लानिंग में मदद
- वित्तीय योजना बनाने में सहायक

करोड़पति बनने का भी शॉर्टकट

मात्र 10,000 का निवेश कर देगा मालामाल

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनने में कितना समय लगता है? यह ऐसा सवाल है जिसे अक्सर काफी लोग पूछते हैं। देखा जाए तो करोड़पति बनना बहुत आसान है, लेकिन इसके लिए कई तरह के त्याग करने की जरूरत पड़ती है। वैसे तो किसी भी चीज का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लेकिन अगर आप करोड़पति बनने का सोच लें, तो इसका शॉर्टकट जरूर निकल आता है। हालांकि यह शॉर्टकट इतना भी शॉर्ट नहीं है। आप मात्र 10 हजार रुपये हर महीने इन्वेस्ट करके बहुत जल्दी करोड़पति बन सकते हैं। दरअसल, एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा लगाकर लंबे समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं। अगर आपको हर साल लगभग 15% का रिटर्न मिले, तो आप मात्र 19 साल में 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की रकम इकट्ठी कर सकते हैं।

कैसे बन सकते हैं करोड़पति?

एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का तरीका है। इसके जरिए आप थोड़ी-थोड़ी रकम हर महीने निवेश करके बड़ा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। इसमें मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज इस निवेश की सबसे बड़ी ताकत होता है। अगर आप एसआईपी के जरिए 10 हजार रुपये हर महीने म्यूचुअल फंड में निवेश करने हैं और आपको 15 फीसदी सालाना ब्याज मिलता है तो मात्र 19 साल में ही आप एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। 10 हजार रुपये हर महीने निवेश करने से आप 19 साल में 22,80,000 रकम निवेश करेंगे। इस पर आपको 91,47,124 रुपये का ब्याज मिलेगा। यह ब्याज 15 फीसदी सालाना की दर से होगा। इस प्रकार आप 19 साल में 1.14 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। यानी आप 19 साल में करोड़पति बन जाएंगे।

अगर 10 हजार रुपये से कम करें तो?

अगर आप 10 हजार रुपये महीने निवेश नहीं कर सकते तो भी आपको करोड़पति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आप कम रकम निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कुछ ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। अगर आप 10 की जगह 8 हजार रुपये या 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। अगर आप 8 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आपको करोड़पति बनने में 20 साल लगेंगे। वहीं अगर आप 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आप 23 साल में करोड़पति बन जाएंगे।

एसआईपी क्यों है फायदे का सौदा?

एसआईपी वित्तीय अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। इससे लोगों को रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर खरीदने जैसे लक्ष्यों के लिए थोड़ा-थोड़ा पैसा अलग रखने में आसानी होती है। इसका एक और बड़ा फायदा है कंपाउंडिंग। कंपाउंडिंग का मतलब है कि आपको अपने निवेश पर जो रिटर्न मिलता है, उस पर भी रिटर्न मिलता है। इससे समय के साथ आपकी संपत्ति तेजी से बढ़ती है। निवेश की अवधि जितनी लंबी होगी, कंपाउंडिंग का असर उतना ही ज्यादा होगा।

करोड़पति बनने के लिए रणनीतियां

- नियमित निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- विविधीकरणः अपने निवेश को विभिन्न प्रकार की सिक्योरिटीज में विभाजित करने से आपको जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

- लंबी अवधि का दृष्टिकोणः लंबी अवधि के लिए निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय अनुशासनः वित्तीय अनुशासन बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- शिक्षा और ज्ञानः वित्तीय शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने से आपको अपने वित्तीय निर्णयों को निर्देशित करने में मदद मिल सकती है।

करोड़पति बनने के लिए कुछ आदतें

- बचतः नियमित बचत करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय योजनाः वित्तीय योजना बनाने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- जोखिम प्रबंधनः जोखिम प्रबंधन करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- धैर्यः धैर्य बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- करोड़पति बनने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन सही रणनीतियों और आदतों को अपनाकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

एसडीएम ने वाटर कूलर किया शुभारंभ

लोहारू। प्रयास संगठन के 9वें स्थापना दिवस के मौके पर संगठन के सदस्यों द्वारा स्थानी अग्निशमन केंद्र के पास वाटर कूलर स्थापित किया गया। एसडीएम मनोज दलाल ने इसका शुभारंभ करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों के शीतल जल की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष प्रदीप कुमार तायल ने की। एसडीएम ने कहा कि प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन पिछले कई वर्षों से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभा रहा है।

विदित इलेवन ने कार्तिक इलेवन को हराया

भिवानी। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कार्तिक इलेवन व विदित इलेवन के मैच में विदिल इलेवन ने कार्तिक इलेवन की टीम को 9 विकेट से हराया। कार्तिक इलेवन के कप्तान कार्तिक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की तथा टीम 75 रन बनाकर आऊट हो गई। कार्तिक इलेवन की टीम की तरफ से सोयम जावा ने 15 रन, वीर ने 11 रन व कार्तिक ने 10 रन बनाए। विदित इलेवन की तरफ से विदित ने शानदार गेंद बाजी करते हुए 4 ओवर में 7 रन देकर 6 विकेट ली। हृदय ने दो तथा ध्रुव व देव ने एक-एक विकेट ली। विदित इलेवन ने मात्र 8 ऑवर में 78 रन एक विकेट के नुकसान पर बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया।

भविष्य की जरूरत है पौधरोपण : उपायुक्त

चरखी दादरी। दुनिया में बिगड़ते प्राकृतिक संतुलन को लेकर वैज्ञानिकों सहित हर कोई चिंता व्यक्त कर रहा है। प्राकृतिक असंतुलन के कारण तापमान बढ़ रहा है, ग्लेशियर पिंघल रहे हैं और समुंद्र का जलस्तर उपर आता जा रहा है, जो मानव जाति के लिए खतरे की घंटी है, ऐसे में अगर पौधरोपण कर उनकी देखभाल की ओर सकारात्मक कदम उठाए जाएं जो प्रकृति का संतुलन दोबारा सही हो सकता है। केवल पेड़ पौधों में ही वह ताकत है जो बिगड़ते संतुलन को सुधार सकती हैं, उक्त वाक्य उपायुक्त मुनीश शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर लघु सचिवालय व रोज गार्डन में पौधरोपण करते हुए कही।

चौटाला करेंगे सदस्यता अभियान का शुभारंभ

बाढ़ड़ा। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला 15 जून रविवार को सांय 4 बजे दादरी में लोहारू रोड पर देहाती ठाठ वाटिका में जिला स्तरीय पार्टी के सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे, ये बात जजपा जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास ने बाढ़ड़ा पार्टी कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जजपा द्वारा विशेष अभियान राज्यभर में पार्टी संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने तथा आमजन और कार्यकर्ताओं के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में सशक्त प्रयास है। इस दौरान डॉ. अजय सिंह पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और पार्टी की आगामी रणनीति, संगठनात्मक विस्तार तथा जनसंपर्क योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

शिविर में 74 युवाओं ने रक्तदान किया

नई पीढ़ी कर्तव्यों के निर्वहन में भी पीछे नहीं: एसडीएम

रक्तदान के माध्यम से किसी का जीवन बचाना सबसे बड़ा उपहार: एसडीएम दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। एसडीएम दलाल को स्मृति चिन्ह भेंट करते रैडक्रॉस सचिव प्रदीप, संजय कामरा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष महावीर कौशिक के मार्गदर्शन एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार विश्व रक्तदाता दिवस पर रेडक्रॉस भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में 74 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने रक्तदान कर साबित किया कि नई पीढ़ी न केवल अधिकारों को जानती है, बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन में भी पीछे नहीं है। युवाओं ने सेवा, समर्पण एवं मानवीयता की मिसाल पेश की। शिविर में सैंकड़ों युवाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। शिविर का शुभारंभ लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल ने किया तथा अध्यक्षता रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने की।

उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित सभी को रक्तदान मुहिम से जुड़ते हुए नियमित तौर पर रक्तदान करने की शपथ भी दिलाई। युवाओं ने हाथ उठाकर प्रतिज्ञा ली भारत मे रक्त की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मै अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों, सहयोगियों व जनता को नियमित, रक्तदान की सेवा के बारे में जागरूक करूंगा। कार्यक्रम के दौरान नियमित तौर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं व सामाजिक संगठनों को स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम दलाल ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन जिंदगियों को बचाया जा सकता है, ये सबसे बड़ा उपहार है जो कोई इंसान दूसरे इंसान को दे सकता है। रैडक्रॉस के सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि शिविर केवल एक रक्तदान कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक सामाजिक चेतना का प्रतीक था।



रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा।

विश्व रक्तदाता दिवस पर 101 ने किया रक्तदान

भिवानी। आंकड़े के अनुसार देश में गंभीर बीमारी या दुर्घटना में घायलों को समय पर रक्त न मिलने के कारण 30 प्रतिशत लोगों की मौत हो जाती है। इस कमी को मात्र एक प्रतिशत आबादी रक्तदान कर पूरा कर सकती है, लेकिन हैरानी की बात है कि विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत रक्तदान में काफी पीछे है। हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। वि श्व रक्तदाता दिवस की कड़ी में शनिवार को एम्स बाढ़सा से डॉ. संदीप कुमार की अगुवाई में हांसी रोड स्थित देवनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन वंशिका फाउंडेशन ने किया, जिसमें 101 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर के आयोजक रक्तवीर मनीष वर्मा व आरती सोनी बताया कि रक्तदान को ऐसे ही महादान नहीं कहा जाता। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती है, बल्कि रक्तदान करने से हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है।

सांग महोत्सव का 8वां दिन समाजहित में बना यादगार

- महिला कलाकारों ने अश्लीलता के खिलाफ अभियान में सहयोग करने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। सांग में सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वाभिमान संगठन के तत्वावधान में म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वाभिमान संगठन के स्थापना दिवस एवं महान कवियों एवं गायकों की याद में जिला के गांव उमरावत स्थित दादा लखमीचंद सांस्कृतिक भवन में आयोजित 11 दिवसीय सांग महोत्सव 8वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने की।

महान कवि बाजे भगत प्रणाली के सांगी तकदीर सिंह ने बाजे भगत द्वारा रचित सांग चंद्रकिरण का मंचन किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इस दौरान महिला कलाकारों ने अश्लीलता के खिलाफ अभियान में सहयोग करने का संकल्प लिया। जिस पहल की उपस्थित सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में लोक गायिका एवं नाटक कलाकार रोशनी खान, आरती दुग्गल, सुनीता मलिक व सुदेश हिसार ने शिरकत ने भी शिरकत की तथा समाज में अश्लीलता को बढ़ावा देने वाले नृत्य एवं गानों को रोकने के अभियान में पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया। इस मौके पर सामाजिक संस्था कोसली के पदाधिकारी डा. सतवीर इंदौरा, डा. महावीर सिंह निर्दोष, डुडीवाला रामपुर गौशाला के संचालक बाबा गोवर्धन दास, राजगढ़ पूर्व सरपंच फूलकुमार, पप्पु जाट की विशेष उपस्थिति रही। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने महिला कलाकारों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणवी विरासत को संरक्षित करने, अश्लीलता के खिलाफ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की दिशा में संगठन सराहनीय कार्य कर रहा है तथा इस दिशा में ना केवल स्वयं कार्य कर रहा है, बल्कि जागरूकता अभियान चलाकर अन्य लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है।

विमान दुर्घटना में मृतकों की शांति के लिए प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

मृतकों की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना करते विद्यार्थी।

आर्यन कोचिंग सेंटर परिसर में अहमदाबाद बोइंग विमान दुर्घटना में मृत यात्रियों, मेडिकल कालेज विद्यार्थियों व अन्य नागरिकों के निधन पर शोक जताया गया।

हादसे को अत्यंत ही दुखद बताते हुए भगवान से दिवंगत सभी आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें व उनके परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। सह संचालक जेपी वर्मा ने कहा कि ये ऐसी दुःखद घड़ी है, जिसमें हम सभी को विश्वास नहीं हो पा रहा हैं कि ऐसा कोई हादसा घटित हो चुका है। इस घटना में न सिर्फ भारतीय बल्कि विदेशों के नागरिकों का भी असमय निधन हो गया है।

महाराजा बाबा भागीरथ की जयंती को प्रदेश स्तरीय स्तर पर मनाए जाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा। सीएम नायब सैनी को बुक्का देते हुए।

- सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही भाजपा : सुरेश ओड

राष्ट्रीय ओड सभा का का एक शिष्टमंडल सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश ओड की अगुवाई प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला तथा ओड समाज के गुरू महाराजा बाबा भागीरथ की जयंती को हरियाणा में प्रदेश स्तरीय स्तर पर मनाए जाने की मांग उठाई।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ सिरसा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल भी मौजूद थी। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष समाज की आस्था और एकता का प्रतीक माने जाने वाले बाबा भागीरथ की जयंती को सरकारी मान्यता देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल की भावनाओं का सम्मान करते हुए सकारात्मक रुख दिखाया तथा कार्यक्रम तय कर औपचारिक घोषणा करने का आश्वासन दिया। इस मांग के पूरा होने से ओड समाज में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई है। राष्ट्रीय ओड सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश ओड ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार समाज की भावनाओं के अनुरूप जल्द सकारात्मक निर्णय लेगी।

एसडीएम, एसईपीओ ने पोलिंग पार्टियों को किया रवाना, मतदान आज

हंसावास खुर्द व डालावास में सरपंच और पंच पदों के लिए होगा उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

पंचायत उपचुनाव 2025 के अंतर्गत खंड बाढ़ड़ा के गांव हंसावास खुर्द व डालावास में सरपंच व पंच पदों के लिए उपचुनाव का आयोजन किया जा रहा है। आज रविवार को होने वाले मतदान कार्यक्रम के इन चुनावों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से स पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

शनिवार को पोलिंग पार्टियां अपने-अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना हो गईं। एसडीएम आशीष सांगवान व एसईपीओ अशोक कुमार के दिशा निर्देश पर शनिवार को सभी मतदान कर्मियों को सरल केंद्र बाढ़ड़ा पर मतदान सामग्री वितरित की एवं ईवीएम मशीनों की प्रयोगिक प्रशिक्षण भी दिया, जिससे वे चुनाव प्रक्रिया को सुगमता से संपन्न कर सकें। गांव हंसावास खुर्द में सरपंच पद के लिए मतदान रविवार 15 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए दो मतदान केंद्र बूथ नंबर 102 और 103 स्थापित किए गए हैं। साथ ही गांव में दो वार्डों में पंच पद के लिए भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पंचायतीराज अधिकारियों द्वारा यहां मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। गांव डालावास में सरपंच पद रिक्त होने के कारण उपचुनाव आयोजित किया जा रहा है। यहां पर एक ही मतदान केंद्र बूथ नंबर 42 निर्धारित किया गया है। पोलिंग पार्टी निर्धारित स्थल पर पहुंच चुकी हैं। मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं तथा पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। मतदाताओं की सुविधा और मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर बूथ पर पर्याप्त प्रकाश, पेयजल, छाया और बैठने की व्यवस्था की गई है। चुनाव प्रेरक मास्टर हरपाल सिंह आर्य ने सभी टीमों को निष्पक्ष, सजग व पारदर्शी चुनाव के बारे में अहम जानकारी सांझा की। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाएं।

बाढ़ड़ा। कस्बे के बीडीपीओ कार्यालय से ईवीएम लेकर रवाना होती पोलिंग पार्टियां।

गांव दगड़ौली में शादी विवाह जैसे आयोजनों में नहीं होगा प्लास्टिक का इस्तेमाल

बाढ़ड़ा। दगड़ौली में प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत जागरूकता का असर साफ दिखाई दिया। ग्राम पंचायत व युवाओं की पहल पर गांव में प्लास्टिक की बजाय स्टील के गिलास एवं बर्तनों का उपयोग शुरू हो गया है। इस मुहिम का उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित रखना और भावी पीढ़ी को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचाना हैं। बीडीसी गुणपाल दगड़ौली ने बताया कि गर्मी के मौसम में गांव बस स्टैंड पर पिछले माह से राहगीरों को पानी पिलाया जा रहा है, जिससे करीब प्रतिदिन दस हजार प्लास्टिक के गिलास लाए जाते थे। बीडीसी गुणपाल ने गामीणों से अनुरोध किया कि गांव को प्लास्टिक मुक्त करना चाहिए, वहीं प्लास्टिक से लोगों में अनेक बीमारियां फैल रही है। ग्रामीणों ने इस संदेश को गंभीरता से लिया और सभी ग्रामीणों ने मिलकर 200 स्टील के गिलास लाए और प्लास्टिक के गिलास का इस्तेमाल करने पर रोक लगाई। उन्होंने बताया कि राहगीरों को पानी पिलाने के लिए प्रतिदिन करीब 10 हजार प्लास्टिक के गिलास लाने पड़ते थे, जो ईधर उधर फेल जाते थे और पर्यावरण प्रदूषित होता था।

गर्मी में घर से बाहर निकलना हुआ भारी,घर से बाहर निकलते ही लगता मानों आग बरस रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

गर्मी चरम सीमा पर है। शनिवा को भी बवानी खेड़ा का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस देखा गया। लोगों का घर से बाहर निकलना दुभर हो गया है। मजबूरीवश निकलने पर गर्मी उसे अपनी गिरफ्त में ले रही है। ऐसे में चिकित्सकों ने एहतियात बरतने की सलाह देते हुए बताया कि सावधानी बरत कर ही गर्मी से बचा जा सकता है।

पूरे इंतजाम करके बाहर निकलेः अनीता अरोड़ा

डॉ. अनीता अरोड़ा ने बताया कि गर्मी चरम सीमा पर है। अधिक जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। बच्चे और बुजुर्ग विशेष ध्यान दें। यदि घर से बाहर निकलना मजबूरी है तो पूरे एहतियात बरते और छाता या सिर पर कुछ ओढ़कर निकले ताकि इससे बचा जा सके। यदि चपेट में आ जाते हैं तो तत्काल अपना इलाज करवाएं।

समय-समय पर पीएं पानीः डॉ. बुटाराम

डॉ. बूटाराम धमीजा ने बताया कि मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस समय वायरल, खांसी, जुकाम, बुखार, आंखों में दर्द आदि के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। उन्होंने बिना वजह घर से बाहर न निकलने की सलाह दी और समय समय पर पानी पीते रहने बारे बताया व तकलीफ होने पर समय पर दवा का सेवन करने की सलाह दी।

एसी में बेठकर अचानक धूप में बाहर न निकले

डॉ. उमेद भुक्कल ने बताया कि घर से बाहर निकलते समय सिर को ढ़ांपकर बाहर निकले। शरीर में हरकत लगने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करके अपना उपचार करवाएं। एसी में बेठकर अचानक धूप में बाहर न निकले इससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है व अधिक बीमार होने के चांस होते हैं।

चिकित्सकों के कहने पर करे दवा बंदः सुनील

. सुनील टुटेजा ने बताया कि बीमार होने पर दवा लेने पर ठीक होने पश्चात चिकित्सकों से सलाह लेकर ही दवा को बंद करें। आधी-अधूरी दवा छोड़ने से फिर शरीर में तकलीफ हो सकती है। वहीं उन्होंने बताया कि अपने शरीर का विशेष ध्यान रखें।

गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए लोग जरूर बरतें एहतियात : डॉ. नैन

तोशाम। एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम के मद्देनजर हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू व हीट वेव का खतरा बढ़ रहा है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, पढने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम सब लू से बचे रहें। यानी हीट वेव से बचाव इलाज से बेहतर है। एसडीएम डॉ. नैन ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं... भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का भरपूर सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में अकेले छोडकर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाने दें, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास जरूर रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत व खलीहान में काम कर रहे हैं, तो समय-समय पर पेड़ या छाया में आसरा अवश्य लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन कतई ना करें।

भिवानी। कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ अतिथि।

बचपन से ही बच्चों को नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा से करें सुसज्जितः कविता

भिवानी। बच्चे कच्ची मिट्टी के घड़े के समान, उन्हें जो आकार देना चाहिए दे सकते हैं, इसलिए उनमें बचपन से ही श्रेष्ठ संस्कारों का निर्माण करना चाहिए, तभी उनका व्यक्तित्व विकास हो सकता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां-कादमा शाखा के तत्वावधान में झोझूकलां सेवाकेंद्र पर आयोजित त्रि-दिवसीय चरित्र निर्माण एवं बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए झोझूकलां ब्लॉक समिति सदस्य कविता ने बतौर मुख्यतिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था आध्यात्मिकता के द्वारा इंसान को इंसानियत सिखाती है, जिसके बल से भारत पुनः श्रेष्ठ व विश्व का सिरमौर बनेगा। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि बचपन से ही हमें बच्चों को नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा से सुसज्जित करना चाहिए, क्योंकि व्यक्तित्व विकास के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों में बच्चों को योगासन मेडिटेशन पेंटिंग तथा अन्य मूल्य आधारित वक्तव्यों के साथ कहानियों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा दो दिवसीय प्रांत विचार वर्ग हुआ शुरू

नवदायित्वयुक्त कार्यकर्ताओं का किया स्वागत

- स्वदेशी जागरण मंच द्वारा प्रत्येक जिले में करवाए जाने वाले कार्यो की प्रस्तुति दिखाई स्क्रीन पर
- देश को उन्नति के पथ पर ले जाने के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते विधायक घनश्याम सर्राफ।

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में रोहतक गेट स्थित हलवासिया विद्या विहार में शनिवार से दो दिवसीय प्रांत विचार वर्ग का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रांत विचार वर्ग के कार्यक्रम में प्रथम दिवस का शुभारंभ विधायक घनश्याम सर्राफ, विभाग संचालक सत्यनारायण मित्तल, बालयोगी महंत चरणदास, चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी, डा. अंकेशर प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच, प्रो. वेदप्रकाश लोहाच प्रांत समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान, अखिल भारतीय पर्यावरण प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच के दीपक, अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख प्रदीप, सतीश वैद डायरेक्टर जीडी गोयनका एव समाजसेवी मिकी मनु संघाई ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। मंच का संचालन स्वदेशी जागरण मंच सह संयोजिका प्रो. सुनीता भरतवाल ने किया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान भिवानी की टीम ने पूरे प्रांत के 22 जिलों से आए हुए स्वदेशी जागरण मंच के नवदायित्वयुक्त कार्यकर्ताओं का सम्मान पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। उतर क्षेत्र सह सयोजक सतेंद्र सौरोत ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वदेशी का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के बारे में स्वदेशी जागरण मंच भिवानी के अध्यक्ष धीरज सोनी ने बताया कि प्रतिवर्ष भिवानी में प्रांत विचार वर्ग का आयोजन किया जाता है, जिसमें पूरे प्रदेश भर से कार्यकर्ता बड़े उत्साह से भाग लेते हैं और दो दिवसीय इस कार्यक्रम में आने वाले कार्यकर्ताओं की सभी जरूरतों का ध्यान रखते हुए उनके लिए जलपान, भोजन, आवासीय व्यवस्था का विशेष प्रबंध किया जाता है। प्रथम सत्र आए हुए कार्यकर्ताओं का परिचय होने के साथ-साथ स्वदेशी जागरण मंच द्वारा प्रत्येक जिले में करवाए जाने वाले कार्यों की प्रस्तुति स्क्रीन पर डिस्प्ले करके दिखाई गई। स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक अमित बंसल मुंढालिया ने बताया कि इस विचार वर्ग में स्वदेशी जागरण मंच के उतर क्षेत्र के संयोजक एवं राज्य तकनीक शिक्षा बोर्ड पंचकूला के सचिव राजेश गोयल ने स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान का भिवानी में शंखनाद किया।

स्वदेशी अपनाने की कोशिशः कुलपति

इस मौके पर कुलपति डा. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि लोकल फॉर वोकल को अपनाकर हमे प्रत्येक वस्तु में स्वदेशी अपनाने की कोशिश करनी चाहिए, तभी भारत देश को उन्नति के पथ पर ले जा पाएंगे। स्वदेशी जागरण मंच के पर्यावरण प्रमुख दीपक, स्वदेशी जागरण मंच के सह व्यवस्था प्रमुख प्रदीप ने अनेक आंकड़ों के साथ पर्यावरण सुरक्षा के चलते पशु पक्षी और मानव बचाने के लिए वातावरण संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वदेशी जागरण मंच भिवानी से विनय सिंघल, सुनील चौहान, पंकज गोयल, अतुल गुप्ता, विजय स्नेजा, राजीव मित्तल, अनिल पोपली, विजय टुटेजा, पंकज सोनी, पूनम जांगड़ा, बाला देवी, राहुल, विनोद प्रजापति, संजीव गुप्ता, रोहित डुडेजा, आशीष गर्ग, रविंद्र, मोहित आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

एकजुटता ही बाबा साहेब के विजन को जमीन पर उतारेगी: सुदेश कटारिया

भिवानी। शनिवार को भिवानी के पंचायत भवन में 'हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर सुदेश कटारिया ने कहा की दलित समाज की एकजुटता ही संविधान निर्माता बाबा साहेब के विजन को जमीन पर उतार सकती है। प्रदेशभर में ऐसे आयोजन हो रहे हैं जिसको को लेकर समाज में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा अनुसूचित आयोग के उपाध्यक्ष बिजेंद्र बड़गुर्जर ने की। सुदेश कटारिया ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह देश की आत्मा है।

रेडक्रॉस और एसडीएम ने किया सम्मानित

चरखी दादरी। गीत अर्जुना फाउंडेशन को स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्तदान एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए रेडक्रॉस सोसायटी एवं एसडीएम ने सम्मानित किया। इस विशेष अवसर पर फाउंडेशन की ओर से कोमल सोनी, अमित सोनी, मंदीप व खुशबू ने सहभागिता कर सम्मान प्राप्त किया। विशेषकर रक्तदान शिविरों के आयोजन और जागरूकता अभियानों में फाउंडेशन की सेवाओं को देखते हुए सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान हर स्वयंसेवक, डॉक्टर और सहयोगी का है, जो हमारे साथ मिलकर एक स्वस्थ, सशक्त व जागरूक समाज के निर्माण में सहभागी है।

ढ़ाणी खटीकान में दूसरे पक्ष ने रोका निर्माण

बाढ़ड़ा। गांव काकड़ौली सरदारा की ढ़ाणी खटीकान की फिरनी निर्माण कार्य को कुछ लोगों ने गलत पैमाईश बताकर अधर में रोक दिया है। परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कुछ लोगों पर अवैध कब्जा कर सड़क निर्माण रोकने का आरोप लगाया तथा खंड विकास एवं पंचायत विभाग पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। ढ़ाणी खटीकान के ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया तो चंडीगढ़ पहुंचकर सीएम से मिलेंगे।

विजन फाउंडेशन इंडिया का रक्तदान शिविर कल

बाढ़ड़ा। विजन फाऊंडेशन इंडिया संगठन द्वारा संचालित विजन पाठशाला बाढ़ड़ा की 16 जून को स्थापन दिवस पर जून को विजन पाठशाला का प्रथम स्थापना दिवस चौधरी छोटूराम किसान भवन बाढ़ड़ा में मनाया जाएगा। पाठशाला के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर एवं सहयोगी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। पाठशाला की संयोजिका कुमारी बबीता ने बताया कि यहां झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले एवं गरीब परिवारों के बच्चे मुफ्त शिक्षा ग्रहण करते हैं।

नीट में आर्य इंस्टीट्यूट ढिगावा के विद्यार्थियों ने बनाया नया कीर्तिमान

श्रद्धा मान, नीतू धनासरी, अंकिता, रितिका पीयूष, ईशा भारती ने पास की नीट परीक्षा

नीट परीक्षा में जिले की बेटियों ने फिर साबित की अपनी श्रेष्ठता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी। नीट में बेहतरीन रैंक हासिल करने वाले आर्य कैरियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

एनटीए द्वारा आज घोषित नीट यूजी परीक्षा परिणाम में ढिगावा स्थित आर्य कैरियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए बेमिसाल प्रदर्शन किया है । इंस्टीट्यूट की छात्रा श्रद्धा मान पुत्री रमेश कुमार झुप्पा कलाँ ने 1214 रैंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है । इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए छात्रा ने बताया कि उसने आर्य कैरियर इंस्टीट्यूट के हॉस्टल में रहकर सभी विषयों के अध्यापकों के निर्देशन में दिन रात मेहनत की है । छात्रा श्रद्धा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरु प्रताप सिंह आर्य, अपने सभी अध्यापकों व माता पिता को देते हुए कहा कि आप निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं । इस अवसर पर संस्थान के निदेशक वजीर आर्य ने बताया कि छात्रा श्रद्धा मान के अलावा छात्रा रितिका पुत्री रामनिवास बड़दू चैना ने 2117 रैंक के साथ इंस्टीट्यूट में दूसरा स्थान पाया है तथा छात्र पीयूष अग्रवाल पुत्र अशोक कुमार ढिगावा मंडी ने 4299 रैंक तथा छात्रा इशा भारती पुत्री राजबीर आर्य प्राचार्य आर्य स्कूल ढिगावा ने 7187 रैंक प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन किया है ।

उन्होंने आगे बताया कि इन चारों छात्र-छात्राओं के अलावा भी कई छात्र छात्राओं ने विभिन्न श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगी परीक्षा को पास कर मेडिकल के लिए एमबीबीएस आदि कोर्सेज़ में प्रवेश पाने जा रहे हैं । इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक प्रताप सिंह आर्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे चिकित्सा के क्षेत्र में जाकर मानव सेवा को सर्वोपरि रखते हुए अपना योगदान दें।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उन्होंने सभी अध्यापकों व अभिभावकों को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी । इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ़ सदस्य रिपु सिंगला, चंदन कुमार, राकेश कुमार, शुभम, नरेंद्र कुमार , संतोष, प्रकाश, प्रांजल, सुभाष, मनीष कुमार,नितिन यादव , ईशव कादयान, गगनदीप, नवीन, पुष्पेंद्र तिवारी , रुचिका, राज विषु कर्मा , जितेंद्र ,श्रद्धानंद ,विशाल, प्रदीप सांगवान, भूप सिंह, मंजीत, श्याम सुंदर सहित सभी स्टाफ़ सदस्य उपस्थित रहे।

प्रकाश साइंस एकेडमी की अंकिता ने नीट में किया शानदार प्रदर्शन

भिवानी। एक बार फिर क्षेत्र और प्रकाश साइंस एकेडमी का नाम पूरे गर्व से रोशन किया है। साइंस एकेडमी की छात्रा अंकिता पुत्री अभय सिंह ने ऑल इंडिया में 3918 हासिल करके नाम रोशन किया है। बचपन से ही डॉक्टर बनकर देश की सेवा करने का सपना देखने वाली अंकिता ने इस सपने को साकार करने की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाया है। प्रकाश साइंस एकेडमी को अपनी होनहार छात्रा पर गर्व है और हम उसकी इस उपलब्धि पर हर्षित हैं। हम अंकिता के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और भरोसा रखते हैं कि वो आगे चलकर समाज और देश के लिए प्रेरणा बनेंगी।

नीतू धनासरी ने नीट में पाई सफलता

बाढ़ड़ा। पूर्व सरपंच एवं कांग्रेसी नेता सुरेश धनासरी की पुत्री नीतू धनासरी ने नीट 2025 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीतू ने ऑल इंडिया में 9118 और अपनी कैटेगरी में 930 रैंक प्राप्त कर रिकार्ड अंक हासिल किए हैं। नीतू की सफलता पर परिजनों में खुशी का माहौल है। नीतू के पिता सुरेश ने बताया की नीतू बचपन से ही मेधावी रही है, उनकी बचपन से मेडिकल क्षेत्र में सेवा करने की रुचि रही है। उनकी प्रतिभा एवं रुचि को देखते उन्हें मेडिकल क्षेत्र में प्रोत्साहित किया था। नीतू ने 12वीं तक शिक्षा चांदवास के निजी विद्यालय एवरग्रीन से प्राप्त की है। नीतू के दादा ईश्वर सिंह सरकारी शिक्षक रहे, जिन्होंने नीतू को मेडिकल क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहयोग किया है। नीतू की उपलब्धि पर उनके माता-पिता व उनके दादा मास्टर ईश्वर सिंह व दादी संतरा देवी ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है। पिछले वर्ष के परिणाम में उन्होंने 720 में से 639 अंक हासिल किए थे, लेकिन उन्होंने दोबारा घर पर रहकर तैयारी की और अबकी बार रिकार्ड अंक हासिल किया। उनकी सफलता पर पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, पूर्व विधायक सुखविंद्र मांढी, छात्र नेता विजय मोटू, प्रदेश के सहायक श्रमायुक्त चंद्रपाल शयोराण, केंद्रीय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास, सरपंच महेंद्र रूदड़ौल, वेद धनासरी, मास्टर बजरंग सिंटी, देवीलाल नंबरदार आदि ने नीतू को बधाई दी है।

भिवानी। नीट में बेहतरीन रैंक हासिल करने वाले आदर्श विद्या मंदिर के छात्र।

आदर्श विद्या मंदिर के छात्रों का नीट में शानदार प्रदर्शन

- चार बच्चों ने नीट में पाया बेहतरीन रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आदर्श विद्या मंदिर भिवानी के कई होनहार छात्रों ने नीट में भी ऑल इंडिया में अच्छी रैंक लाकर अपनी धाक जमाई। आदर्श विद्या मंदिर परिवार नीट में अपने विद्यार्थियों की सफलता पर हार्दिक बधाई देता है ।यह उपलब्धि विद्यार्थियों की प्रतिभा, स्वाध्यायन तथा विद्यालय व गुरुओं के मार्गदर्शन का नतीजा है । आदर्श विद्या मंदिर के उत्कृष्ट शिक्षण तथा सर्वश्रेष्ठ रणनीति का परिणाम है । मयंक ने 599 अंक प्राप्त कर 853 रैंक लाकर अपने माता पिता तथा गुरुजनों को गौरांवित किया । महिमा ने 540 अंक प्राप्त कर 7761 रैंक हासिल की,आशिमा ने 530 अंक प्राप्त कर 2762 रैंक ली, अंजलि ने 528 अंक प्राप्त कर 2922 रैंक हासिल कर अपनी गहन मेहनत तथा विद्यालय और शिक्षकों का मार्गदर्शन उसको बेहतरीन स्थान प्राप्त कर सभी को गौरान्वित कराया है। नीट परीक्षा भारतीय चिकित्सा में प्रवेश के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा है। इस परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को भारत के सर्वोच्च संस्थाओं में प्रवेश का अवसर मिलता है। आज हमारे विद्यालय के कई होनहार छात्रों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता ,गुरुजनों और अपनी मेहनत को दिया। निदेशक सत्येंद्र व प्रबंधक शमशेर ने कहा हमारे विद्यार्थियों की सफलता पर हमें गर्व है। अपनी मेहनत व समर्पण यह मुकाम हासिल किया। प्रधानाचार्य डॉ तरंग गौड ने बताया कि आदर्श विद्या मंदिर अपने बेहतरीन परिणाम और अनुशासन तथा छात्रों को स्वाध्यान के लिए प्रेरित करने के कारण अपनी पहचान बनाये हुए है ।

संस्थान ने विद्यार्थियों की सफलता पर किया गर्व

अनुभवी और योग्य शिक्षक व्यक्तिगत ध्यान और मार्गदर्शन, नियमित मूल्यांकन और प्रतिक्रिया छात्रों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदर्श विद्या मंदिर की विशेषताएं हैं। इसी कारण हमारे स्कूल के विद्यार्थियों में 34 से ज्यादा एनडीए ,100 से ज्यादा इंजीनियरिंग ,90 मेडिकल , आईआईटी और एनआईटी,यूपीएससी में भी बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। आदर्श विद्या मंदिर के नीट में अपने विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व महसूस करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है ।

वैश्य कॉलेज में सम्मान समारोह

- विश्व रक्तदाता दिवस पर रेड क्रॉस सोसायटी एनसीसी के कैडेट्स को बेस्ट वालेंटियर एवं रक्तदाता किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी यूनिट अपने विभिन्न जनसेवी प्रकल्पों के माध्यम से कैडेट्स को संस्कारवान करते हुए देश का सभ्य नागरिक बनाने में अहम योगदान दे रही है जिसके लिए वह बधाई की पात्र है यह बात विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी भिवानी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के कैडेट्स के बेस्ट वालेंटियर एवं बेस्ट ब्लड डोनर का खिताब जीतने के पश्चात महाविद्यालय पहुंचने पर एन सी सी अधिकारी मेजर अनिल तंवर एवं कैडेट्स को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कही। रक्तदान शिविर से जरुरत मंदो तक रक्त पहुंचता है जो कि सबसे पुनीत कार्य है जिसमें युवाओ को बढ़ चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ संजय गोयल व कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज द्वारा एनसीसी यूनिट के प्रभारी मेजर अनिल तंवर एवं कैडेट्स को सम्मानित किया।

भाईचारा बिगाड़ने वालों पर हो कार्रवाई

- वक्फ संशोधन विधेयक-2025 रद करने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी। मुसलमानों पर हो रहे अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा व भारत मुक्ति मोर्चा ने शनिवार को शहर में प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा। मोर्चा ने सांप्रदायिकता के नाम पर देशभर में मुस्लमानों की मॉबलिचिंग कर हत्याएं करने, मुसलमानों की मस्जिदों, मदरसों, दुकानों, मकानों, ईदगाहों व बस्तियों को बुल्डोजर से उजाड़ने व केंद्र सरकार द्वारा वक्त कानून में संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ किए संसोधनों को रद करवाने की मांग की। भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया ने कहा कि पिछले एक दशक में भाजपा शासनकाल में देशभर में मुसलमानों पर अन्याय, अत्याचार एवं उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी है, जिसमें मुख्य रूप से फर्जी गौकशी के नाम पर मॉबलिचिंग, फर्जी लव-जेहाद के नाम पर हत्याएं, पुलिस कस्टडी और चलती ट्रेनों में हत्याएं हो रही है। उन्होंने कहा कि नफरतवादी संगठनों द्वारा वर्शिप एक्ट-1991 होने के बावजूद भी मुस्लमानों के मस्जिदों व वक्फ की संपत्तियों का निशाना बनाने के साथ-साथ दुकानों, मकानों व बस्तियों पर कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर बुल्डोजर चलाकर उजाड़ने का काम किया जा रहा है।

आश्रितों को मिले मुआवजा

मांगपत्र में मांग की कि हत्या के दोषियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी या आजीवन कारावास की सजा देने, जिन निर्दोष व्यक्तियों की हत्याएं की गई, उनके आश्रितों को मुआवजा के तौर पर एक-एक करोड़ रुपये देने, जिन परिवारों को गैरकानूनी तौर पर बेघर किया गया, उन परिवारों को जमीन आबंटित करवाई जाए। इस्लाम धर्म से जुड़ी समस्त धार्मिक धरोहरों एवं धर्म ग्रंथों को संरक्षण प्रदान करने, मुसलमानों पर हो रहे अन्याय एवं अत्याचार को रोकने के लिए कम्युनल वायलंस प्रिवेंशन एक्ट पर कानून बनाकर तत्काल लागू करें।

मनुष्य की आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है योग: बिशन सिंह आर्य

भिवानी। योग मनुष्य के साथ आत्मा को परमात्मा के साथ जोड़ने का कार्य करता है। योग भारत की सॉफ्ट पावर है, जिसे पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सेतु का कार्य कर रहा है, उक्त विचार योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने योगाभ्यास करते हुए ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र झोझूकलां में योग साधकों के समक्ष व्यक्त किया। जिला प्रशासन, आयुष विभाग चरखी दादरी व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योग शिविर के दूसरे दिन सेठ किशनलाल वाला मंदिर झोझू में योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने योग साधकों को ताड़ासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन ,उत्तान मंडूकासन व अन्य योग क्रियाओ का अभ्यास करवाया। सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने भी सभी को अष्टांग योग व राजयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करवाते हुए कहा कि राजयोग का निरंतर अभ्यास मन पर नियंत्रण करता है। आत्मा के सात गुणों विशेष कर शांति, आनन्द, खुशी, पवित्रता, शक्ति, दया, करुणा ममता व सौहार्द की भावना को बढ़ाता है। भागदौड़ भरी जीवन शैली में वास्तविक शांति प्रदान करने के लिए राजयोग मेडिटेशन ही एकमात्र उपाय है।

लोहारू: 23 को किसान महापंचायत

- 200 करोड़ के बीमा घोटाले व 300 करोड़ बकाया मुआवजे पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी। किसानों को संबोधित करते किसान सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन।

अखिल भारतीय किसान सभा अन्य किसान संगठनों को साथ लेकर वर्ष 2023 के खरीफ फसल में क्षेमा कंपनी द्वारा कृषि विभाग के आला अधिकारियों से मिलकर जिले में 200 करोड़ रूपये का बीमा क्लेम का फ्रॉड मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाने, दोषियों को सजा दिलवाने व बकाया बीमा क्लेम की ब्याज सहित राशि किसानों के खातों में डलवाने वास्ते जनअभियान चलाए हुए है।

जिला सचिव मास्टर जगरोशन, बहल ब्लॉक के प्रधान सुबेदार धनपत सिंह व ब्लॉक के सचिव मंदरूप यादव के नेतृत्व में टीम ने लोहारू ब्लाक के गांव मनफरा, नकीपुर, पहाड़ी, ढ़ाणा जोगी, सेहर, बरालू, ढाणी अहमद, झांझड़ा, हसनपुर, झांझड़ा टोडा, झांझड़ा स्योराण व दमकोरा में किसानों की सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने किसानों से कहा कि 23 जून को प्रातः 10 बजे लोहारू अनाजमंडी में होने वाली किसान महापंचायत में भाग लेकर फ्राड के दाषियों को कटघरे में खड़ा करने व किसानों को उनका वाजिब हक दिलाना है। उन्होंने 200 करोड़ रुपये बकाया बीमा क्लेम में लोहारू ब्लॉक का हिस्सा 190 करोड़ रुपये है तथा दादरी जिले में भी 150 करोड़ रुपये का फ्रॉड किया गया है।

गांव शीशवाला व तिवाला में पुलिस ने खंगाले नशा तस्करों के ठिकाने

चरखी दादरी। शनिवार को भी पुलिस ने नशीले पदार्थों के सेवन और कारोबार में लिप्त संदिग्ध लोगों के ठिकाने खंगाले। सदर थाना एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव शीशवाला व तिवाला में नशे में संलिप्त लोगों की तलाश की व बेचने वालों के ठिकानों पर रेड कर तलाशी ली। पुलिस को देखकर अपराधी किस्म के व्यक्ति गायब नजर आए। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ भी की व नशे से जुड़े लोगों की सूचना पुलिस को देने बारे अपील की। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान कहा कि जिले को नशा मुक्त करना पुलिस की प्राथमिकता है । इसलिए पुलिस नशा तस्करों के ठिकानों पर बार-बार रेड कर रही है। पुलिस का यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक हमारा जिला पूर्ण रूप से नशामुक्त नहीं हो जाता। संदिग्ध लोगों पर पुलिस लगातार पैनी नजर रख रही है। हम पूरी लगन और ईमानदारी से काम कर रहे हैं।

अनुसूचित जाति के हित भाजपा सरकार में ही सुरक्षित: कटारिया

अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

- पंचायत भवन हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी। लोगों की समस्याएं सुनते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

हरियाणा अनुसूचित आयोग के तत्वावधान में पंचायत भवन में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद्र बडगुजर और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर सुदेश कटारिया मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान बडगुजर और कटारिया ने कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं भी सुनी और उनके हरसंभव समाधान का आश्वासन दिया। अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष बडगुजर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान की बदौलत ही हमें समान रूप से अधिकार मिले हैं। संविधान में हमें जो कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की देन है।

भाजपा ने भारत रत्न देकर बढ़ाया बाबा साहब का सम्मान

उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही वास्तव में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को सही मायने में सम्मान देने का काम किया है। देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से बाबा साहब को भाजपा ने ही नवाजा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में अधिकारों की रक्षा को लेकर किए गए प्रावधान के अनुरूप ही केंद्र और प्रदेश सरकार एससी वर्ग के हितों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश में बिना खर्ची और बिना पर्ची के पारदर्शित और योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी देकर एक व्यवस्था बदलने का काम किया है इससे गरीबों से गरीब घरों के बच्चे उच्च पदों पर जा रहे हैं। इससे युवाओं में एक नया जोश और एक नई सोच पैदा हुई है। कार्यक्रम को प्रोफेसर रविकांत नागर, सत्यदेव शर्मा और अनिल महम ने भी संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से बचाने का आह्वान किया। राजू मेहरा ने दादरी गेट पर शहर में डॉ अंबेडकर छात्रावास का निर्माण करवाने की बात की।

सेशन जज चालिया ने छबील पर पानी पिलाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

भिवानी। सावन कृपाल रूहानी मिशन के मार्गदर्शन संत दर्शन सिंह महाराज का 36वीं पुण्यतिथि पर नया बस स्टैंड पर रोजाना की हर छबील लगाई जा रही है। मानव सेवा में अपनी आहुति देने के लिए सेशन जज डीआर चालिया छबिल सेवा में शामिल हुए। जिसमें रूहअफजा, चीनी, दूध व बर्फ से निर्मित ठंडा मीठा शरबत राहगीरों को पिलाकर भीषण गर्मी से राहत दिलवाई गई। संत दर्शन महाराज जी के कृपाल रुहानी मिशन द्वारा पूरे महीने चलने वाली छबिल की प्रशंसा करते हुए सेशन जज डीआर चालिया ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा कही गई है, किन्तु भाग दौड़ भरी जिन्दगी में इंसान मानव सेवा के लिये वक्त नहीं निकाल पाता है। ऐसे आयोजनों द्वारा मानव सेवा करने का बडा प्रयास है। तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ रहा। यह छबील न सिर्फ धर्मिक सेवा रही, बल्कि मानवता की मिसाल भी बन रही है। तेज गर्मी और धूप में लोगों को ठंडी मीठी छबील पिला कर उन्होंने ठंडक पहुँचाई जा सकता है। इस मौके पर एडीजे मनीष कुमार, सीजेएम पवन कुमार, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू भी मौजूद रहे।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं
नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़,
CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र :
9416296903, 8168362612